



# नहीं थम रहा बीमारी से मौत का सिलसिला, अब तक चार की मौत

## कराहल बीएमओ द्वारा समय पर बीमारी फैलने व मौत होने की जानकारी नहीं देने पर कलेक्टर ने कमिश्नर को भेजा सस्पेंड करने का प्रस्ताव



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 24 जुलाई।** आदिवासी विकास खंड कराहल के उगना का सहराना में उल्टी-दस्त, डायरिया से होने वाली मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार को भी एक दो वर्षीय बालक की मौत होने का मामला सामने आया है। परिजनों से डाक्टरों की टीम पर सही इलाज नहीं करने का आरोप लगाया है। यहां 16 से 24 जुलाई तक उल्टी-दस्त से तीन बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 लोगों की हालत नाजुक है। वहीं समय रहते एहतियाती कदम नहीं उठाने को लेकर श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कराहल बीएमओ सुरेश सोनी को सस्पेंड करने का प्रस्ताव कमिश्नर को भेजा है।

अपर कलेक्टर अतेंद्र सिंह गुर्जर की मौजूदगी में कराहल पंचायत के उगना सहराने में स्वास्थ्य विभाग का फॉलोअप जारी है। सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार के नेतृत्व में मेडिकल टीमें गांव-गांव में कैंप कर रही है और लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जा रहा है। आज स्वास्थ्य जांच परीक्षण एवं उपचार शिविर के दौरान कल बुधवार को स्वास्थ्य जांच किये गये सभी 64 लोगों का पुनः परीक्षण कर उपचार किया गया, इसके साथ ही एहतियात के तौर पर 10 रोगियों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजकर एडमिट कराया गया है। फॉलोअप शिविर के दौरान एसडीएम श्री मनोज गढवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहें। सीएमएचओ डॉ सिकरवार ने बताया कि उगना के सहराना में आज फिर से सभी रोगियों का फॉलोअप किया गया और उन्हें दवाएं प्रदान की गई, जिला चिकित्सालय के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ संजय मंगल एवं मेडिसन विशेषज्ञ डॉ प्रेमराज मीणा द्वारा शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई, उन्होने बताया कि आज पुनः स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सभी 64 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है और घर-घर सर्वे कर निगरानी की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर की चिकित्सीय टीम सहित आरबीएसके के चिकित्सक एवं मेडिकल मोबाइल यूनिट के माध्यम से रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, आवश्यकतानुसार एहतियात के रूप में 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। इसके साथ ही आयुष विभाग की टीम भी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। अपर कलेक्टर अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि वे पूरे दिन से गांव में मौजूद रहकर उनकी निगरानी में सभी रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हुए उपचार की व्यवस्थाएं की गई है। सभी 230 घरों में फिर से सर्वे किया गया है, कल और आज के कुल 64 रोगियों का उपचार किया जा रहा है, इसमें डायरिया के अलावा खांसी, जुकाम, बुखार आदि बीमारियों के रोगी है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा फॉलोअप कैम्प पर अधिकारियों के माध्यम से निगरानी बनाये हुए है तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय की जा रही है, गांव के पेयजल स्त्रोत का सैम्पल भी लिया गया है तथा सभी पेयजल स्त्रोतों का पीएचई के माध्यम से क्लोरीनिकेशन किया गया है।

### गांव में पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बताया कि उगना के सहराने में मौसमी बीमारियों के संक्रमण की सूचना के बाद अपर कलेक्टर तथा एसडीएम के नेतृत्व में मेडिकल टीमें कल से ही गांव में स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार कर रही है। सभी रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होने तक टीमें गांव में कैम्प करेंगी, गांव के एक-एक घर का सर्वे कर लिया गया है और पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन भी कराया गया है, जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक भी कैम्प में भेजे गये है। उन्होने कहा कि गांव में पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही है। उन्होने बताया कि बीएमओ कराहल द्वारा मौसमी बीमारियों के संबंध में किसी प्रकार की तैयारी बैठक नही लिये जाने एवं अपने मैदानी अमले की मॉनीटरिंग नही करने के चलते बीएमओ डॉ सुरेश सोनी के निलंबन का प्रस्ताव कमिश्नर चंबल संभाग मुरैना को भेजा गया है।

### ग्रामीणों ने एसडीएम और सीईओ ने सुनाई खरी खोटी

ग्रामीणों ने एसडीएम और सीईओ जनपद को खूब खरी खोटी सुनाई और आड़े हाथ लिया प्रशाशन कि व्यवस्थाओं से नाराज ग्रामीणों ने कहा कि यदि व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो ये मौतों का सिलसिला कभी नहीं थम सकता ग्रामीणों ने एसडीएम से सवाल जवाब शुरू किए तो एसडीएम और सीईओ जनपद राकेश शर्मा वहां से मुंह छुपाकर भाग खड़े हुए।



## नवांकुर सखी महोत्सव हरियाली यात्रा का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 24 जुलाई।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आज 24 जुलाई को हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर जिले के सभी विकासखंड में नवांकुर सखी योजना अंतर्गत हरियाली यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम लुहाड़, कराहल विकासखण्ड के ग्राम रानीपुरा माफी एवं विजयपुर विकासखण्ड के ओछा ग्राम में हरियाली यांत्राएं निकाली गई।

जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा हरियाली अमावस्या से पांच दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के तीनो विकासखण्ड के पांचों सेक्टरों में यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से जन अभियान परिषद में मातृशक्ति की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक सेक्टर में 100-100 नवांकुर सखियों को जोड़ा गया है। इसके तहत बीजरोपित थैली का वितरण किया जाएगा जो वर्ष भर नवांकुर सखी अपने घर में इस पौधे की देखरेख करेंगी। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर सखियों को बीजरोपित थैली का वितरण किया गया महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकली गई तथा लोक पारंपरिक भजनों का गायन किया गया। इसी तारतम्य में श्योपुर विकासखंड के लुहाड़ ग्राम में पूर्व नवांकुर संस्था श्योपुर युवक मंडल द्वारा कलश यात्रा एवं पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

# सीडीपीओ को नोटिस, सुपरवाईजर सस्पेंड

## तीन चिकित्सको सहित 6 कर्मचारियों को नोटिस, आशा कार्यकर्ता को भी नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,24 जुलाई।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा उगना सहराने में मौसमी बीमारियों के संक्रमण फेलने की तत्समय सूचना नही देने के चलते जहां कराहल सीडीपीओ नितिन मित्तल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, वही सेक्टर सुपरवाईजर रेखा अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसी प्रकार मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं प्रबंधन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिकरवार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल के चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेन्द्र मांझी, संविदा चिकित्सा डॉ केके नुवाल एवं डॉ सौरभ कुशवाह को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही कराहल विकासखण्ड की बीपीएम वैशाली गोयल, स्टॉफ नर्स गीता बहले एवं एएनएम ममता सेगर तथा उगना सहराना की आशा सुपरवाईजर प्रतिभा प्रभाकर एवं आशा कार्यकर्ता उर्मिला शर्मा को भी कारण बताओ नोटिस जारी किये

### बाढ नियंत्रण कक्ष में ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारी निलंबित

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिला स्तरीय बाढ नियंत्रण कक्ष में ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारी सहायक ग्रेड-3 ताराचंद कुशवाह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला कोषालय श्योपुर में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ श्री ताराचंद कुशवाह की ड्यूटी बाढ नियंत्रण कक्ष में लगाई गई थी। वे 6 जुलाई को तथा 10 जुलाई से 13 जुलाई तक बगैर सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहें, जिस पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, प्रस्तुत जवाब में उन्होंने 11 जुलाई को स्वास्थ्य खराब होना बताया इसके बाद उन्हें 12 जुलाई को कार्यालय में उपस्थित होना था, लेकिन वे उपस्थित नही हुए। इसके उपरांत वे 21 एवं 22 जुलाई को भी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहें, वर्तमान में जिला श्योपुर में अतिवर्षा का दौर होने से बाढ नियंत्रण कक्ष की ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

# खिरकाईयों में पशुपालकों से जबरन वसूली करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,24 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया कि ढोढर थाना क्षेत्रान्तर्गत खिरकाईयों पर दहशत फैला कर जबरन बसूली और मारपीट करने वाले 03 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

जानकारी के अनुसार रामलखन गुर्जर निवासी भूतकछा ने सूचना दी थी कि वह जंगल में खिरकाई लगाकर पशुपालन का कार्य कर रहा था। है कल दिनांक 07 जुलाई को 4 हथियार बंद बदमाशों द्वारा मेरी खिरकाई पर आकर जबरन अवैध रूप से पर एक खिरकाई मालिक से 5000 रुपये का चंदा देने के लिए धमकाया चंदा देने से मना करने पर मेरे साथ मारपीट की जान से मारने धमकी दी। सूचना पर से थाना ढोढर में अपराध दर्ज कर बदमाशों की तलाश की। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया की मॉनीटरिंग में डीएसपी मुख्यालय पीएन गोयल सहित आधा दर्जन थाना प्रभारियों निरन्तर जंगल सर्चिंग एवं सायबर सेल टीम को बदमाशों के मूवमेंट पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया साथ ही घटना में संलिप्त आरोपी महेंद्र परमार पुत्र उम्मेद सिंह परमार निवासी सेवर थाना सोना का गुर्जा, जिला धौलुपुर राजस्थान एवं बंटी उर्फ रामगणेश पुत्र नारायण रावत निवासी रायडी का पुरा कैमराकला थाना टेंटरा मुरैना की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार की ईनाम घोषित किया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार मुखबिर सक्रिय कर बदमाशों को के बारे में लॉकेशन पता की गई जिसके फलस्वरूप दोनों आरोपी एवं उनके साथी चंद्रदीप गोस्वामी निवासी ग्राम पिपरोनिया थाना पहाडगढ को गिरफ्तार किया गया आरोपियों से पूछताछ पर उनके द्वारा पोलाहित व डोकरका व अन्य खिरकाईयों पर से चंदा बसूलने की बात स्वीकार की गई। पुलिस द्वारा आरोपियों से विस्तृत पूछताछ जारी है जिसमें आरोपियों के अन्य साथियों एवं आरोपियों द्वारा अन्य किए गए अपराधों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

### ये आरोपी किए गिरफ्तार

पुलिस ने पशुपालकों से चंदा वसूली करने वाले जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उनमें महेंद्र परमार पुत्र उम्मेद सिंह परमार निवासी सेवर थाना सोना का गुर्जा। बंटी उर्फ रामगणेश पुत्र नारायण रावत निवासी रायडी का पुरा कैमराकला थाना टेंटरा मुरैना। चंद्रदीप गोस्वामी निवासी पिपरोनिया थाना पहाडगढ़।

टीआई भारत सिंह गुर्जर, थाना प्रभारी वीरपुर, प्रधान आरक्षक रामबरन रावत, आरक्षक सुदीप पांडे, भानू शाडिल्य, उपनिरीक्षक श्यामवीर सिंह तोमर, थाना प्रभारी ढोढर, सहायक उपनिरीक्षक पूरनलाल, प्रधान आरक्षक कुलदीप, अमित, अजय सिकरवार, विवेक, सुरेन्द्र, रीना राजावत थाना प्रभारी गसवानी, जगदीश, रंजीत, धर्मेंद्र मालवीय, थाना प्रभारी रघुनाथपुर, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र, राजकुमार, रवि कुशवाह चौकी प्रभारी सामरसा, शिवकुमार, एवं सायबर सेल टीम की अहम भूमिका रही।



# बाल कल्याण समिति ने किया थाना का भ्रमण

## चाइल्ड फ्रैंडली कॉर्नर की स्थिति देखी



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,24जुलाई।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक थानें में चाइल्ड फ्रेंडली कॉर्नर स्थापित हैं। उनकी स्थिति व प्रदान की जाने वाली सेवाओं, सुविधाओं को जानने के उद्देश्य से बाल कल्याण समिति दतिया द्वारा जिले में संचालित कोतवाली थाना में भ्रमण कर वास्तविक स्थिति जानने जानने का प्रयास किया।

भ्रमण के दौरान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष कल्पना राजा बैस, संतोष तिवारी, रामजीशरण राय, श्रीमती कृष्णा कुशवाहा,एवं ने किशोर न्याय अधिनियम-2015, लैंगिक हिंसा से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 एवं बाल अधिकारों पर पारस्परिक व्यापक संवाद कर जानकारी दी। साथ ही बाल हितैषी वातावरण निर्मित करने हेतु आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर नगर निरीक्षक कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र मिश्रा, आर.आई. सौरभ तिवारी निरीक्षक रूबी सिंह, साइबरसेल प्रभारी सुधीर शर्मा सहित कोतवाली का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार है गुरु और गुरुकुल- पियूष



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,24जुलाई।** भारतीय शिक्षण मण्डल और शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया द्वारा व्यास पूजन गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा मे गुरुकुल शिक्षा पद्धति विषय पर ब्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन से हुई। आमंत्रित अतिथियों का स्वागत साल और श्रीफल भेंट कर किया गया। स्वागत भाषण महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ शिव सिंह के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन हिंदी विभाग के डॉ राहुल श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप मे भारतीय शिक्षण मण्डल मे प्रकाशन प्रमुख मध्य भारत प्रांत से डॉ स्वाति पेंडसे रही उन्होंने भारतीय शिक्षण मण्डल की कार्यप्रणाली और व्यास पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने शिक्षा मे किस प्रकार से भारतीयता लाने का कार्य शिक्षण मण्डल के द्वारा किया जा रहा है के बारे मे विस्तार से चर्चा की मुख्य वक्ता के रूप मे भारतीय शिक्षण मण्डल मध्य भारत प्रांत मे प्रांत सह मंत्री का दायित्व निभा रहे पियूष ताम्बे ने कनेरी मठ गुरुकुल मे बिताए अपने समय के अनुभव साझा किये उन्होंने कहा गुरुकुल व्यवस्था एक ऐसी सुव्यवस्था है जहाँ यह सिखाया जाता है कि जीवन मे क्या करणीय है क्या अकरणीय उन्होंनें कहा कि पूर्व जन्म के पुण्य जब तीन गुना हो जाते है तब हमे शिक्षक के रूप मे कार्य करने का अवसर मिलता है स अध्यक्षीय उद्बोधन मे संस्था के प्राचार्य डॉ डी आर राहुल ने अपनी बुंदेली कविताओं के माध्यम मनुष्य के जीवन मे गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला स भारतीय शिक्षण मण्डल के ध्येय श्लोक एवं ध्येय वाक्य का वाचन क्रमशः डॉ सौरभ पांडेय और एम. चंद्रशेखर ने किया स उपस्थित सभी अतिथियों, शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों का आभार हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ इला द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफऔर विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पौधे अधिक होने के कारण गांव का स्वच्छ वातावरण रहता :ताम्बे

दतिया। पृथ्वी के स्वच्छ वातावरण के लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है कोरोना ने पूरे विश्व के शहरों में तबाही मचा रखी थी लेकिन गाँव तक कोरोना का कोई असर नहीं हुआ। वह इसलिए कि गांव में पौधे अधिक होने के कारण गांव का स्वच्छ वातावरण रहता है। स्वच्छ वातावरण बना रहे हमस ब मिलकर पौधारोपण करें और पृथ्वी को हराभरा बनाये इन पौधों की देखभाल बच्चों की तरह करें। उक्त बात गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेला नगर में हरियाली अमावस्या पर विद्यालय के प्राचार्य कपिल तांबे ने वृक्षारोपण करते हुए कही। जिसमें अतिथि के रूप में अतिबल सिंह एवं अंकित विश्वकर्मा उपस्थित रहे कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार सहभागी रहा। उनके द्वारा कक्षा:-6 ,7 एवं कक्षा:-9 के भैयाओं को स्काउट गाइड के विषय में मार्गदर्शन दिया गया।

### एडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

दतिया। अपर कलेक्टर महेन्द्र कवचे द्वारा आज भाण्ड़ेर अनुभाग के ग्राम सरसई पहुंचकर फौती नामांतरण अभियान, फार्मर आईडी की प्रगति, नामांतरण आदेश अमल इत्यादि कार्यो की समीक्षा की। साथ ही ग्रामीणजनों की उपस्थिति में बी 1 का वाचन किया गया। कवचे द्वारा ग्रामीणों की जन समस्यायें सुनीं एवं मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने तीन अत्यंत गरीब पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही पात्रता पर्ची दिलवाई।

### उफान पर आई पहुंज नदी, निचले इलाकों में बढ़ा खतरा

दतिया। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते पहुंज नदी उफान पर आ गई है। हालात और बिगड़ गए जब अंगूरी बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया। बैराज से छोड़े गए पानी के कारण नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा और आसपास के निचले इलाकों में खतरा मंडराने लगा है। प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी कर दिया गया है और नदी किनारे बसे गांवों में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। खासकर उन स्थानों पर जहां रपटे या अस्थायी पुलों से लोग आना-जाना करते हैं, वहां विशेष सावधानी बरती जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, गुरुवार की सुबह अंगूरी बैराज के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया, जिसके कुछ ही घंटों में पहुंज नदी का बहाव तेज हो गया।

# 15 बिजली बिल बकायादारों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**नवभारत न्यूज**
**दतिया,24जुलाई।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दतिया द्वारा महाप्रबंधक मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रतिवेदन के आधार पर जिले में बिजली बिल बकायादारों के शस्त्र लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्री वानखड़े द्वारा बकायादारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए थे एवं बकाया राशि जमा कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु बकायादारों द्वारा कोई भी बकाया राशि जमा नहीं कराई गई।
महाप्रबंधक के प्रतिवेदन अनुसार ग्राम डोंगरपुर निवासी अरविन्द यादव पिता जयेन्द्र सिंह यादव पर 2 लाख 19 हजार 7 रूपये, बानौली निवासी लक्ष्मीनाराण दांगी पति मुकुन्दी लाल पर 2 लाख 90 हजार 696 रूपये, ग्राम सीतापुर निवासी पूरन सिंह परमार पिता सुमन्त पर 2 लाख 36 हजार 123 रूपये, आशाराम राय पिता रामप्रसाद महाजन पर 2 लाख 28 हजार 408 रूपये, ग्राम गढ़ी निवासी नंदकिशोर पिता हल्कू पर 4 लाख 66 हजार 472 रूपये, दतिया शहर निवासी अभिषेक बबेले पिता प्रदीप बबेले पर 1 लाख 24 हजार 394, अरविन्द दांगी पिता घनश्याम दांगी पर 2 लाख 2 हजार 983 रूपये, रहुल पुरोहित पिता महेश पुरोहित पर 2 लाख 65 हजार 435, गौरव दांगी पिता कृष्णकांत दांगी पर 7 लाख 97 हजार 164 रूपये, श्रीनाथ पटैरिया पिता स्वर्गीय श्री महेश प्रकाश पटैरिया पर 1 लाख 57 हजार 781 रूपये, रोहित शर्मा पिता स्वर्गीय श्री महेश चंद्र शर्मा पर 1 लाख 82 हजार 585 रूपये, संतोष सिंह यादव पिता श्री बाबू लाल यादव पर 6 लाख 62 हजार 50 रूपये, ग्राम गुदरया बसई निवासी रामदयाल पिता श्री दरयाब लोधी पर 1 लाख 61 हजार 15 रूपये, परवत सिंह पिता भेरो पर 2 लाख 17 हजार 632 रूपये, ग्राम एरई निवासी बृजकिशेर पिता नारायणदास कर्मी पर 1 लाख 64 हजार 355 रुपए विद्युत राशि बकाया है। जिसका भुगतान लंबे समय से नहीं किया गया। जिला प्रशासन का कहना है कि ऐसे बकायेदार लोक शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। लोक व्यवस्था, जनहित एवं विधिक प्रावधानों के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वानखेड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(बी) के अंतर्गत कानून का पालन नहीं करने अथवा सरकारी बकाया चुकाने में लापरवाही करने पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए गए। साथ ही आदेशित किया कि संबंधित शस्त्रधारक अपना शास्त्र तत्काल थाने में जमा करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वानखड़े द्वारा साफ चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी बिजली चोरी या बकाया राशि का भुगतान न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# बावड़ी में नहाते समय युवक डूबा,निकाला शव

**दतिया।** दतिया के रतन सेठ की बावड़ी में बुधवार शाम नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बावड़ी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक की शादी हो चुकी थी और उसका एक डेढ़ साल का बेटा है। जानकारी के अनुसार युवक की पहचान सौरभ कुशवाहा 25 पिता अशोक कुशवाहा बक्सी नगर आईटीआई कॉलेज के सामने निवासी के रूप में हुई है। वो जिला अस्पताल की पार्किंग में एक ठेकेदार के अधीन कार्य करता था।मृतक के बड़े भाई ने बताया कि बुधवार शाम सौरभ अपने दोस्तों के साथ रतन सेठ की बगिया में स्थित बावड़ी में नहाने गया था। इसी दौरान नहाते समय वो पानी में डूब गया। देर शाम तक जब सौरभ घर नहीं पहुंचा तो उसे फोन लगाया,जिसे किसी पुलिसकर्मी ने उठाया और हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। गुरुवार सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया।पुलिस ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करवा लिया गया है, परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं,जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## आम सूचना

श्रीमती विक्रम कुशवाह पुत्र श्री कमलेश कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड,स्थित ग्राम इंदरगढ़, प.ह.नं.24, रा.नि. वृत इंदरगढ़, तहसील इंदरगढ़ व जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद दतिया वार्ड क्र .08 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र .356/1/4/2 ग्राम इंदरगढ़ का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 975 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में भूखण्ड श्री कमलेश यादव, पश्चिम में रास्ता 13 फुट चौड़ा, उत्तर में भूखण्ड श्री नारायण कुशवाह एवं दक्षिण में भवन दानकर्ता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री नारायण एवं श्री कमलेश कुशवाह पुत्रगण श्री भन्नी के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री कमलेश कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती विक्रम कुशवाह पुत्र श्री कमलेश कुशवाह के हित में ई-रजिस्टर्ड दानपत्र विलेख क्र .एमपी09602025 1171737 दिनांक 12 .03 .2025 को सम्पादित किया गया। श्रीमती विक्रम कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या . भवन क्र . 52 . कैलाश विहार,**
**फ्रैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर**
**(म.प्र.),मो.नं. 98276-72710**